# बरेली में 58.03 और आंवला में 57.44 फीसदी मतदान

## दोनों संसदीय सीटों पर वोटिंग का अंतिम मतदान प्रतिशत जारी, जिला प्रशासन ने निर्वाचन आयोग को भेजी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** तीसरे चरण में मंगलवार को बरेली और आंवला संसदीय सीट पर हुए मतदान का अंतिम प्रतिशत जारी कर दिया गया। जिला प्रशासन ने इसकी सूचना निर्वाचन आयोग को भी भेज दी है। रिपोर्ट के मुताबिक बरेली लोकसभा क्षेत्र में 58.03 और आंवला लोकसभा क्षेत्र में 57.44 प्रतिशत मतदान हुआ है। मंगलवार शाम 6 बजे तक जारी किए मतदान प्रतिशत में दोनों लोकसभा क्षेत्रों में मामूली बढ़ोत्तरी हुई, इसमें जहां बरेली में 0.15 और आंवला में 0.36 प्रतिशत मतदान बढ़ा है।

मंगलवार को बरेली संसदीय सीट से जुड़े विधानसभा क्षेत्र बरेली शहर, बरेली कैंट, नवाबगंज, भोजीपुरा, मीरगंज और आंवला संसदीय क्षेत्र के आंवला, बिथरी चैनपुर, फरीदपुर, दातागंज और शेखूपुर में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक हुए मतदान के आधार पर अनुमानित वोटिंग प्रतिशत जिला प्रशासन की ओर से शाम सात बजे के बाद जारी किया गया था। उसके अनुसार बरेली में 57.88 और आंवला में 57.08 प्रतिशत मतदान हुआ, हालांकि इसके बाद प्रशासन की ओर से एक-एक बूथ पर पड़े वोटों की फीडिंग, क्रास चेकिंग और सूची से मिलान के बाद अंतिम मतदान प्रतिशत जारी किया। इसके अनुसार बरेली में 58.03 और आंवला में 57.44 फीसदी मतदान हुआ है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में बरेली में 59.46 और आंवला में 58.97 प्रतिशत वोटिंग हुई थी।


पुराना शहर में मतदान के दौरान लाइन में लगे लोग। (फाइल फोटो)

### बरेली लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा मतदान भोजीपुरा में

| विधानसभा | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| बरेली | 50.40 |
| बरेली कैंट | 50.21 |
| नवाबगंज | 63.42 |
| भोजीपुरा | 65.31 |
| मीरगंज | 63.27 |

### आंवला लोकसभा सीट पर सबसे कम दातागंज में मतदान

| विधानसभा | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| आंवला | 58.72 |
| बिथरी चैनपुर | 59.98 |
| फरीदपुर | 59.66 |
| दातागंज | 53.84 |
| शेखूपुर | 55.72 |

# राजेन्द्र नगर: इस बार भी कम मतदान जागरूकता का नहीं दिखा असर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पिछले लोकसभा चुनाव में 40 तो इस बार 39 फीसदी वोटिंग**
- **घर से नहीं निकले वोटर, सूने पड़े रहे मतदान केंद्र**

**अमृत विचार :** राजेन्द्र नगर जैसे पॉश इलाके में पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार मतदान कम हुआ है। जबकि यह क्षेत्र भाजपा का गढ़ कहा जाता है। इसका असर जीत के अंतर पर पड़ सकता है।

राजेन्द्र नगर क्षेत्र के वोट तीन मतदान केंद्र पर पड़ते हैं। पोलिंग एजेंट से मिले आंकड़ों के अनुसार सूरजभान और बांके बिहारी मतदान केंद्र पर वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव में 43 फीसदी मतदान हुआ था, जबकि इस बार इन दोनों केंद्रों पर 42 फीसदी मतदान हुआ है।

सूरजभान इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर 10 बूथों पर गुलमोहर कालोनी, आवास विकास कालोनी, इंदिरा नगर वार्ड के वोट डाले जाते हैं। यहां इस बार 11225 मतदाता थे, लेकिन वोट डालने के लिए केवल 4476 वोटर ही घरों से निकले। इस बार यहां 39 फीसदी मतदान हुआ है। जबकि 2019 में यहां 40 फीसदी मतदान हुआ था।

इसी तरह बांके बिहारी मंदिर के समीप बने बूथ पर मंदिर के पीछे का हिस्सा, वुडरो स्कूल तक, सी ब्लाक और टैगोर पार्क के पास वाला इलाके के वोट पड़ते हैं।

यहां नौ बूथ हैं। इन पर 8186 वोटर हैं, लेकिन यहां केवल 3755 वोट ही डाले गए। यहां 45 फीसदी मतदान हुआ जबकि 2019 में 46 फीसदी मतदान हुआ था। इस पॉश इलाके में रहने वाले ज्यादातर सरकारी कर्मचारी और कारोबारी हैं। मतदान के लिए प्रशासन और स्वयं सेवी संस्थाओं ने भी जागरूकता अभियान चलाया लेकिन उसका भी असर नहीं हो पाया। इस क्षेत्र में रोड शो भी किया गया था।

### कुछ बूथों पर बरसे वोट

मुस्लिम बहुल इलाके शहामतगंज, सैलानी, सूफी टोला, रबड़ी टोला में वोटरों ने जमकर मतदान किया। मौलाना आजाद इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर 17 बूथ थे। बूथ एजेंट से मिले आंकड़ों के अनुसार इस मतदान केंद्र पर बूथ 208 पर सबसे ज्यादा मतदान हुआ। यहां 1002 में 662 लोगों ने मतदान किया। यहां 66 .06 फीसदी मतदान हुआ। 205 बूथ पर 1186 में 758 मतदाताओं ने वोट डाला। यहां मतदान प्रतिशत 63 .91 रहा। वहीं, बूथ 202 में सबसे कम मतदान हुआ। यहां 1095 में 448 लोग ही बूथ पर वोट डालने पहुंचे। मतदान प्रतिशत 40 .91 फीसदी रहा। इस मतदान केंद्र पर 18 हजार 648 मतदाताओं में से 10 हजार 102 वोटरों ने मतदान किया। केंद्र पर 54 .17 फीसदी मतदान हुआ। इसके अलावा भी कई बूथों पर अधिक वोट पड़े हैं।

# ऐरन ने स्ट्रांग रूम के बाहर बैठकर की ईवीएम की निगरानी


स्ट्रांग रूम के बाहर ईवीएम की निगरानी करते सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **टेंट में सीसीटीवी कैमरे लगाकर कार्यकर्ता रहेंगे सतर्क**

**अमृत विचार :** बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र में मतदान के बाद अब सपा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों ने ईवीएम की निगरानी शुरू कर दी है। बुधवार रात बरेली लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने नेताओं के साथ स्ट्रांग रूम के बाहर बैठकर ईवीएम की निगरानी की।

बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र की ईवीएम परसाखेड़ा के रोड नंबर चार पर बनाए गए स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखी गई हैं लेकिन ईवीएम में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने स्ट्रांग रूम के बाहर टेंट लगाकर निगरानी करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बुधवार दोपहर को समर्थकों के साथ स्ट्रांग रूम के बाहर टेंट लगाने की जगह का निरीक्षण किया। जल्द ही टेंट लगाकर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। इसके बाद रात में वह नेताओं के साथ स्ट्रांग रूम के बाहर बैठ गए और ईवीएम की निगरानी की। सपा जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष समीम खां सुल्तानी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशफाक सकलैनी और महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला लगातार स्ट्रांग रूम की निगरानी में प्रमुख रूप से रहेंगे ।

## व्यापारी नेताओं ने मतदान में किया सहयोग

**बरेली, अमृत विचार :** व्यापारी संगठनों के नेताओं ने मतदान में सहयोग भी किया। मतदान करने के साथ ही दूसरों को भी प्रेरित किया। डिस्ट्रिक्ट बरेली केमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री रितेश मोहन गुप्ता ने बताया कि उनके संगठन के सदस्यों ने मतदान कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता की। बरेली केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गेश खटवानी ने बताया कि उनके संगठन के सभी सदस्यों ने मतदान में सहयोग किया है। महानगर सराफ बुलियन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने बताया कि सराफ व्यापारियों ने भी मतदान बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अग्रवाल सेवा समिति के महामंत्री राजीव बूबना ने बताया कि अग्रवाल समाज ने राष्ट्र निर्माण में सहभागिता की है। वहीं, शहर के प्रमुख व्यापार मंडल के नेता भी साथियों के साथ मतदान केंद्रों के बाहर मौजूद रहे। पिछले दिनों हुए व्यापारी सम्मेलन में भीड़ से हाल ठसाठस भरा था, उसी गर्मजोशी से व्यापारियों ने अपने क्षेत्रों में मतदान किया। संगठन के ग्रुप में मतदान के बाद सेल्फी भी डाली। कोई बाहर नहीं गया।

# चर्चा : किसी का दावा खिल रहा कमल तो कोई बढ़ा रहा साइकिल की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र में मतदान के बाद से लोग जीत-हार का गुणा भाग लगा रहे हैं। कोई दावा कर रहा है कि कमल फिर से खिलेगा तो कोई इस बार साइकिल की रफ्तार बढ़ाने की बात कह रहा है। बुधवार को शहर में जगह-जगह लोग इसी की चर्चा करते दिखे।

प्रेमनगर चौराहे पर दोपहर 2.40 बजे एक चाय की दुकान पर चर्चा के दौरान सुनील धवन ने कहा कि इस बार फाइट बहुत टाइट है। बरेली लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच ही मुख्य मुकाबला है, लेकिन भाजपा की जीत की संभावनाएं ज्यादा हैं, उनकी बात का रोकते हुए राजीव शर्मा टीटू बोले कि इस बार नतीजे चौकाने वाले आ सकते हैं। डॉ. अंकित सिंह ने कहा कि लड़ाई में दोनों पार्टियां है। हार-जीत तो 4 जून को ही पता चलेगी। जागेश शर्मा बोले कि कांटे की लड़ाई में नतीजे कुछ भी आ सकते हैं, मगर उम्मीद भाजपा की जीत की ज्यादा है। वीर सिंह ने कहा कि संभावना तो भाजपा की जीत की है, लेकिन अब तक जीत का जो अंतर एक-डेढ़ लाख वोटों से होता था, इस बार ऐसी स्थिति बिल्कुल नहीं है। विकास शर्मा बोले कि सरकार की योजनाओं, महिलाओं की सुरक्षा का भाजपा को फायदा पहुंचने की उम्मीद है। चाय दुकानदार सनी बोले कि स्थिति तो ठीक लग रही है। वोट भी खूब पड़े हैं, लेकिन लड़ाई में सपा भी है। आदित्य, धीरज, मनेंद्र ने भी अपनी बात रखी। बोले कि इस बार वोटर साइलेंट भी रहा है। इसी तरह से चुनावी चर्चाएं गांधी उद्यान, सेटेलाइट, कलेक्ट्रेट गेट के बाहर भी होती रहीं। वोटों की गणित समझाकर किसकी सीट निकल रही है, यह भी बता रहे थे। सामने वाले के नहीं मानने पर शर्त लगाने के लिए भी तैयार थे।


प्रेमनगर में चाय की दुकान पर चुनाव की चर्चा करते लोग। ● अमृत विचार

- **मतदान के बाद शहर के चौराहों पर पूरे दिन चला हार-जीत का गुणा-भाग**


परसाखेड़ा में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की वजह से रोड नंबर चार को पांच ब्लॉक बनाकर बंद किया गया है। वाहनों के प्रवेश पर भी पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। पैदल आने जाने वालों को भी पूछताछ के बाद जाने दिया जा रहा है। इसकी वजह से लोगों को दिक्कत हो रही है। ● अमृत विचार

# चौथे चरण के मतदान के लिए जिले से रवाना हुए 1781 पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में तीसरे चरण का मतदान कराने के बाद अब पुलिस चौथे चरण का मतदान कराने के लिए दूसरे जिलों के लिए रवाना हो गई। इसकी वजह से जिले में एक बार फिर से पुलिसकर्मियों की कमी हो गई। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बुधवार को बैठक के बाद सभी पुलिसकर्मियों को रवाना किया। चौथे चरण में अकबरपुर, बहराइच, धौराहरा, इटावा, खीरी, फर्रुखाबाद, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, मिश्रिख, शाहजहांपुर, सीतापुर और उन्नाव में चुनाव होने हैं। इसके लिए जिले से 1781 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें सीओ, इंस्पेक्टर, दरोगा, सिपाही, महिला पुलिसकर्मी शामिल हैं। इसके बाद पांचवें चरण के चुनाव के लिए 1781 के अलावा 109 और पुलिस कर्मियों को चुनाव ड्यूटी में भेजा जाएगा।

## एसएसपी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था देखी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली और आंवला लोकसभा क्षेत्र की 3089 ईवीएम परसाखेड़ा में स्ट्रांग रूम में रखी गई हैं। स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। बुधवार को एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और सुरक्षाकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। एसएसपी ने बताया कि मतगणना संपन्न होने तक सुरक्षाकर्मी परसाखेड़ा में तैनात रहेंगे। स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। स्ट्रांग रूम और उसके आसपास के क्षेत्र पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कंट्रोल रूम से लगातार इसकी निगरानी की जा रही है। समय-समय पर अधिकारी भी निरीक्षण कर रहे हैं।


स्ट्रांग रूम के बाहर तैनात पुलिसकर्मी।







# दावा: लोगों का खूब मिला है आशीर्वाद चिंता की बात नहीं, बड़े अंतर से होगी जीत

**बरेली, अमृत विचार :** चुनाव संपन्न होने के बाद मंगलवार देर रात तक प्रत्याशी चुनावी गुणा-भाग में उलझे रहे। बुधवार सुबह प्रत्याशियों के आवास पर समर्थकों, कार्यकर्ताओं के पहुंचने का शुरू हुआ सिलसिला शाम तक जारी रहा। आवास पर पहुंचने वाले लोग नेताजी के सामने दावा करते दिखे कि जनता का उन्हें खूब आशीर्वाद मिला है। उनकी सीट पक्की है। बड़े अंतर से जीत होगी।

### प्रवीन सिंह ऐरन ने की मतदान की समीक्षा

बरेली लोकसभा क्षेत्र से सपा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन रोज की तरह ही सोकर उठे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मतदान की समीक्षा की। दोपहर बाद वह परसाखेड़ा में स्ट्रांग रूम में निगरानी की व्यवस्था देखने के लिए पहुंचे। उनकी पत्नी सुप्रिया ऐरन ने बताया कि चुनाव प्रेक्षक से वार्ता के दौरान तय हुआ था कि ईवीएम की सुरक्षा के लिए तय जगह पर बैठने दिया जाएगा लेकिन अब मना किया जा रहा है। प्रवीण सिंह ऐरन रात में चुनाव प्रेक्षक से भी मिलने गए।

### सुबह 5 बजे ही जग गए छत्रपाल, कार्यकर्ताओं के बीच गुजरा दिन



बरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार बुधवार दोपहर करीब दो बजे आवास पर महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, विष्णु शर्मा, मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर, वीरपाल गंगवार, सूर्यकांत मौर्य, अभय चौहान आदि के बीच बैठे हुए थे। चुनावी चर्चाएं चल रही थीं। पास में बैठे समर्थक ने मोबाइल देखकर बताया कि चार लाख 22 हजार से ज्यादा वोट शहर और कैंट में पड़े हैं। छत्रपाल गंगवार ने बताया कि देर रात सोने के बाद आंख जल्दी खुल गई। सुबह 5 बजे उठने के बाद अखबार पढ़ा, तब तक समर्थक और कार्यकर्ता आ गए। सभी क्षेत्रों की रिपोर्ट मिली है। उनका दावा है कि कम से कम डेढ़ लाख वोटों से जीतेंगे।

### धर्मेंद्र कश्यप लोगों के सुख-दुख में हुए शामिल, अपनों के बीच गुजारा समय


आंवला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप लालफाटक स्थित अपने गांव कांधरपुर आवास पर बुधवार सुबह कार्यकर्ताओं के बीच घिरे दिखे। कहा कि देर रात सोने के बाद थोड़ देर से जगे। थकान ज्यादा थी। उठते-उठते 6 बज गए। एजेंटों ने बूथों की उन्हें स्थिति बताई। 9 बजे के एक कार्यकर्ता ने बिशारतगंज में मतदान कर कर लौट रहे समर्थक की मौत की सूचना दी। इसके बाद वह समर्थक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने उन्हें आश्वास्त किया कि जीत पक्की है। उन्होंने घर पहुंचकर परिवार के साथ खाना खाया और कुछ समय सुकून के गुजारे। चुनाव की थकान दूर करने के लिए दो घंटे आराम किया।

### नीरज मौर्य अखिलेश की सभा में गए लौटकर कार्यकर्ताओं से की चर्चा


आंवला लोकसभा क्षेत्र से सपा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य बुधवार सुबह जल्दी सोकर उठे। शाहजहांपुर में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा होनी थी। ऐसे में वह शाहजहांपुर चले गए। उनके साथ जिलाध्यक्ष भी रहे। दरअसल, नीरज मौर्य जलालाबाद के विधायक भी रह चुके हैं, इसलिए उनका वहां रहना भी जरूरी था। दोपहर में उन्होंने विभिन्न जगहों से आए कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में चुनाव का हालचाल लिया और उनसे ईवीएम की सुरक्षा के लिए भी चर्चा की। सपा कार्यकर्ताओं ने भी जिला पार्टी कार्यालय में बैठकर आगे की रणनीति तय की है।
















# दो दिन से नहीं उठा कूड़ा, शहर में गंदगी के ढेर

## चुनाव ड्यूटी में लगे नगर निगम के कर्मचारी बुधवार को भी नहीं लौटे काम पर, दुर्गंध से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में दो दिन से कूड़ा नहीं उठने की वजह से जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए। दो दिन में करीब नौ सौ मीट्रिक टन से अधिक कूड़ा जमा हो गया। इसकी वजह चुनाव ड्यूटी से कर्मचारियों का काम पर वापस न लौटना रहा। गंदगी की वजह से लोग परेशान हुए तो नगर निगम में शिकायत की।

लोकसभा चुनाव में पहली बार नगर निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। इसकी वजह से कर्मचारी सोमवार को ही रवाना हो गए लेकिन बुधवार को भी काम पर वापस नहीं लौटे। इसकी वजह से शहर में रोज निकलने वाला 450 मीट्रिक टन कूड़ा नहीं उठा। इस वजह से शहर के अधिकतर जगहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।

शहर की अधिकांश कॉलोनियों में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाया जाता है। गाड़ियों से कूड़ा डलावघर तक जाता है। इसके बाद डलावघर से कूड़ा डंपिंग ग्राउंड में भेजा जाता है। चुनाव ड्यूट पर कर्मचारियों के चले जाने की वजह से सोमवार और मंगलवार का करीब 900 मीट्रिक कूड़ा डंपिंग ग्राउंड तक नहीं जा सका। कूड़ा न उठने के कारण पुराने शहर, कटरा चांद खां, हजियापुर, बाकरगंज, संजय नगर, सुभाषनगर, बदायूं रोड, आजमनगर में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि गंदगी की वजह से बीमारी भी पनप सकती हैं। वहीं अधिकारी जल्द समस्या के समाधान की बात कह रहे हैं।


दो दिन से उठान नहीं होने की वजह से चौपुला चौराहा के पास लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

● **दो दिन में करीब नौ सौ मीट्रिक टन कूड़ा इकट्ठा हुआ**

नगर निगम ने सफाई व्यवस्था के लिए टीमों को लगाया है। चुनाव में टीमें लगी थीं इसलिए परेशानी हुई है। बृहस्पतिवार से सफाई व्यवस्था ठीक हो जाएगी।
**–सुनील कुमार यादव**, अपर नगर


नाला ओवरफ्लो होने की वजह से सुभाषनगर पुलिया के नीचे भरा गंदा पानी। ● अमृत विचार

### सुभाष नगर में नाला जाम सड़क पर पानी

**बरेली, अमृत विचार :** आचार संहिता लागू होने की वजह से शहर के नालों की सफाई अटकी हुई है। वहीं चुनाव ड्यूटी में जाने की वजह से कर्मचारियों ने भी नालियों और नालों की सफाई नहीं की। इसकी वजह से शहर में कई जगह नालियां चोक हो गईं। सुभाषनगर में नाला ओवर फ्लो होने की वजह से गंदा पानी लोगों के घरों के बाहर सड़क पर भर गया। बुधवार को लोगों ने नगर निगम से शिकायत की तो कुछ जगहों पर दोपहर बाद सफाई कर्मचारी पहुंचे।

हर साल अप्रैल में नालों की सफाई शुरू हो जाती है लेकिन इस साल चुनाव के पहले टेंडर न होने के कारण नाला सफाई नहीं हो पाई है। हालांकि नगर निगम ने चुनाव आयोग से अनुमित मांगी है। दो दिनों से नालियों की सफाई न होने की वजह से सुभाष नगर सहित कई जगहों पर लोगों के घरों के बाहर गंदा पानी जमा हो गया है।

# जिला अस्पताल में अवकाश के बाद उमड़ी मरीजों की भीड़


जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता,बरेली

● **कई कर्मी मतदान कर ड्यूटी पर नहीं लौटे, चिकित्सकीय सेवाएं प्रभावित**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के कई कर्मी मतदान के लिए छुट्टी लेकर घर गए, लेकिन वे ड्यूटी पर नहीं लौटे। इस वजह से चिकित्सकीय सेवाएं प्रभावित हुईं। ओपीडी में मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी।

मतदान के कारण मंगलवार को अवकाश था। बुधवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। पर्चा काउंटर पर अव्यवस्था दिखी। डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की कतार लगी रही। 1300 अधिक मरीजों को इलाज मिला। 1000 के करीब पुराने रोगी भी ओपीडी में पहुंचे। डॉक्टरों के अनुसार ओपीडी में वायरल बुखार के रागियों की संख्या अधिक रही। अस्पताल में बड़ी संख्या में दूसरे जिलों में रहने वाले कर्मी तैनात हैं। वोट डालने के लिए इन कर्मियों का अवकाश स्वीकृत किया गया था, लेकिन इनमें बहुत से कर्मी ड्यूटी पर नहीं लौटे। मामले में एडीएसआईसी ने ऐसे कर्मचारियों का जवाब तलब किया है।

## एक नजर

### ठंडी हवा चलने से तापमान में गिरावट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के मौसम में एक बार फिर से बदलाव हुआ। ठंडी हवा चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने 12 मई तक इसी तरह से मौसम रहने का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान बूंदाबांदी भी हो सकती है। बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 2.7 डिग्री कम 36.1 और न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान 8-10 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवायें चली। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहने से मौसम में बदलाव हुआ है। यह बदलाव 12 मई तक रहने के आसार हैं। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है।

### दुष्कर्म के आरोपी मुकदमा वापस लेने का बना रहे दबाव

**बरेली, अमृत विचार :** बहेड़ी थाना क्षेत्र में दबंग महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। महिला ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है। बहेड़ी के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पिता की मौत दो साल पहले हो चुकी है। पिता के खेत में गन्ने की फसल है। 1 अप्रैल को गांव के रीतराम, राजाराम, पुष्पेंद्र और मतलूब जबरन गन्ने की फसल काट रहे थे। जब उन्होंने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की और खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। बहेड़ी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली, लेकिन अब तक गिरफ्तारी नहीं की। इसकी वजह से आरोपी मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।

# चुनाव बाद कुछ बैंक खुले तो कुछ में लटका रहा ताला

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान में बैंककर्मियों की ड्यूटी लगने की वजह से तीन दिनों तक बैंकों में काम प्रभावित रहा। बुधवार को बैंक खुले लेकिन कर्मचारियों की अनुपस्थिति की वजह से काम प्रभावित हुआ। वहीं कई बैंकों पर ताला लगा रहा, जिसकी वजह से लोग परेशान हुए।

जिले में 41 बैंकों की 416 शाखाएं हैं। चुनाव की वजह से मंगलवार को बैंक बंद करने के निर्देश थे लेकिन कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगे होने की वजह से कई बैंक सोमवार को ही बंद कर दिए गए थे और कई बैंक बुधवार को भी नहीं खुले। एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि जिले में मतदान के चलते कार्य प्रभावित रहा। जिले से करीब तीन हजार बैंककर्मियों की ड्यूटी लगाई गई।


बरेली कॉलेज परिसर में बंद बैंक।

● **चुनाव में तीन हजार से अधिक बैंक कर्मियों की लगाई गई थी ड्यूटी**

# फतेहगंज पश्चिमी में दो बहनों के शव फंदे पर लटके मिले

कार्यालय संवाददाता, बरेली/ फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव सफरी में बुधवार रात दो सगी बहनों के शव फंदे पर लटके मिले। दोनों बहनों के गले में निशान मिले हैं और एक जहर की शीशी भी मिली है, जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोस में रहने वाले देवर-भाभी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस प्रेम प्रसंग में आत्महत्या मान रही है।

मूलरूप से भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव मुकुंदपुर निवासी उत्तम चंद काफी समय से अपनी ससुराल गांव सफरी में परिवार के साथ रहते हैं। उत्तम चंद ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ बुधवार दोपहर बाद खेत में काम करने के लिए गए थे। शाम को 7 बजे खेत से वापस आए तो उनकी दोनों बेटियां फंदे पर लटकी मिलीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ था। बड़ी बेटी कल्पना (18) जमीन पर मृत अवस्था में पड़ी हुई थी, जबकि उसकी छोटी बहन तुलसी (17) छत में कुंडे के सहारे साड़ी के फंदे से लटकी हुई थी।

घर में ही जहर की एक शीशी भी पड़ी हुई थी। देर रात पुलिस ने वीडियोग्राफी के बाद दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे। आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान,. एसपी देहात दक्षिणी मुकेश चन्द मिश्रा समेत फॉरेन्सिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की। पुलिस ने पिता की तहरीर पर पड़ोस के रहने वाली महिला चांदनी मौर्या और उसके देवर आकाश मौर्या के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण पता चल सकेगा। दो बेटियों की मौत के बावजूद परिजनों के चेहरे पर कोई सिकन नहीं थी। ऐसे में पुलिस परिजनों से भी पूछताछ कर रही है। कल्पना ने 12वीं और तुलसी ने 11वीं की परीक्षा पास की थी।


घटनास्थल पर जांच करते आईजी और एसएसपी। ● अमृत विचार

● **पुलिस ने महिला समेत दो पर आत्महत्या के लिए उकसाने की दर्ज की रिपोर्ट**

● **प्रेम प्रसंग को लेकर परिजनों ने छोटी बहन को लगाई थी फटकार**


कल्पना।


तुलसी।

### पुलिस इन सवालों के जवाब तलाश रही

- दोनों के फंदे से लटकने की सूचना दी लेकिन एक शव जमीन पर मिला।
- दोनों ने फंदे से लटककर जान दी तो मौके पर जहर की शीशी क्यों मिली।
- परिजनों ने प्रेमी के साथ तुलसी को पकड़ा तो कल्पना ने आत्महत्या क्यों की।

### आकाश ने तुलसी को दिया था फोन

पुलिस जांच में सामने आया कि तुलसी की मां आरोपी आकाश के बाबा दयाराम की बहन हैं। आकाश का तुलसी के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। आकाश दिल्ली में काम करता है। उसने तुलसी को एक मोबाइल फोन दिया था। जिसे उसके परिजनों ने पकड़ लिया था। उसके बाद परिजनों ने तुलसी की जमकर फटकार लगाई थी। यह बात आकाश को पता चली तो आकाश हाल ही में दिल्ली से आया और तुलसी को एक नया फोन दिया। जिसमें अभी सिम भी नहीं लगे थे। दोनों के प्रेम प्रसंग में आकाश की भाभी भी मदद करती थी। इसका परिजनों ने कई बार विरोध भी किया था। पुलिस जांच में पता चला कि कल्पना अपनी छोटी बहन और उसके प्रेमी आकाश की मदद करती थी। वह दोनों के बारे में परिजनों को भी बताती थी। परिजनों ने कल्पना को भी कई बार फटकार लगाई थी।

पुलिस को दो सगी बहनों के आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। पिता की तहरीर पर युवक और उसकी भाभी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
**– घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

# झगड़े के बाद प्रेमी ने युवती को ट्रेन के आगे दिया धक्का, मौत

संवाददाता, बरेली/फतेहगंज पूर्वी

● **बहगुल नदी के पुल के पास हादसा पुलिस बोली-हादसे में मौत**

● **सीमा विवाद में उलझी रही दो थानों की पुलिस, थाने के बाहर प्रदर्शन**

**अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र में रेलवे लाइन के किनारे घूम रहे प्रेमी जोड़े में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। थोड़ी देर बाद प्रेमिका की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। युवती के परिजनों ने युवक पर ट्रेन के आगे धक्का देने का आरोप लगाया है। हादसे के बाद मीरानपुर कटरा और फतेहगंज पूर्वी पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन काफी देर तक दोनों थानों की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। बाद में कटरा पुलिस ने अपना क्षेत्र माना। परिजनों ने कटरा थाना में युवक के खिलाफ तहरीर दी है।

फतेहगंज पूर्वी के एक मोहल्ला की रहने वाली 19 वर्षीया युवती का नगर के ही दूसरे मोहल्ले के दूसरे समुदाय के युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बुधवार सुबह करीब 11 बजे दोनों घूमने के लिए रेलवे लाइन के किनारे बहगुल नदी के पुल के पास पहुंचे। जहां दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसी दौरान अपलाइन से गुजर रही भटिंडा एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवती की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि घटना स्थल थाना मीरानपुर कटरा क्षेत्र का है।

मीरानपुर कटरा थाना पुलिस पहुंची और फिर दोनों थाना पुलिस सीमा विवाद में उलझ गई। काफी देर तक ड्रामा चलने के बाद कटरा पुलिस ने अपना क्षेत्र मान कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव शाहजहांपुर भेजा। इधर युवती के परिजनों का आरोप है कि प्रेमी युवक ने उसे ट्रेन के आगे धक्का दिया था। जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। परिजनों ने घटना की तहरीर कटरा पुलिस को दी है। वहीं देर शाम युवती के परिजन थाना फतेहगंज पूर्वी पहुंचे। यहां उन्होंने मामला दर्ज करने को लेकर थाने के बाहर प्रदर्शन किया।


रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए फतेहगंज पूर्वी थाने के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

युवती की ट्रेन से कटने से मौत हुई है। घटना स्थल कटरा थाना क्षेत्र का था। कटरा पुलिस ही मामले की जांच कर रही है। फतेहगंज पूर्वी थाने से भी पुलिस मौके पर गई थी, सीमा विवाद की कोई बात सामने नहीं आई थी।
**– मदन मोहन चतुर्वेदी**, थाना प्रभारी फतेहगंज पूर्वी

### तो खराब हो सकती हैं लाखों की वैक्सीन

**बरेली, अमृत विचार :** तीन बेड अस्पताल में अव्यवस्थाएं हावी हैं। यहां ओपीडी संचालन के साथ बच्चों का टीकाकरण भी किया जा रहा है, लेकिन वैक्सीन रखने के लिए सिर्फ एक ही डीप फ्रीजर है। फ्रीजर में बच्चों की वैक्सीन के साथ लाखों रुपये की एंटी रैबीज वैक्सीन की वायल भी रखी जा रही हैं।

फ्रीजर के लिए लगातार आपूर्ति जारी रखने के लिए जेनरेटर की व्यवस्था नहीं है। अगर लंबे समय तक बिजली बाधित होती है तो लाखों की वैक्सीन खराब हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में वैक्सीन सुरक्षित करने के लिए आइस पैक भी विभाग की ओर से नहीं भेजे जा रहे हैं। कक्ष प्रभारी ने कई बार पत्र भेजकर आइस पैक की मांग की, लेकिन अफसरों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।


**जाम में फंसी एंबुलेंस**
शहर में जाम मुसीबत का सबब बन गया है। बुधवार को पटेल चौक पर लगे जाम में एंबुलेंस समेत तमाम वाहन काफी देर तक फंसे रहे। इस दौरान लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। ● अमृत विचार

### डायरिया की मारः वार्ड फुल, एक-एक बेड पर दो-दो बच्चे भर्ती

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी के कारण बच्चे डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। डायरिया से ग्रसित बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड 10 दिन से फुल चल रहा है। स्थिति यह है कि 26 बेड के वार्ड में 35 बच्चे भर्ती हैं। स्टाफ को मजबूरन एक-एक बेड पर दो-दो बच्चों का इलाज करना पड़ रहा है। वार्ड में डायरिया से ग्रसित 23 बच्चे हैं, जबकि अन्य वायरल बुखार से पीड़ित हैं। एक सप्ताह से वार्ड बीमार बच्चों से फुल है, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि बेड बढ़ाने के लिए अधीनस्थों को आदेशित कर दिया गया है।

# पटेल विहार में दूसरे दिन भी गुल रही बिजली, लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **बाकरगंज और कटघर में लो वोल्टेज की समस्या**

● **महानगर और जगतपुर में बिजली कटौती की गई**

**अमृत विचार :** पटेल विहार कॉलोनी में बुधवार को भी बिजली संकट छाया रहा। रात 8 बजे तक सप्लाई बाधित रही। वहीं किला के बाकरगंज और कटघर क्षेत्र में लो वोल्टेज से लोग परेशान होते रहे। महानगर और जगतपुर क्षेत्र में कटौती और ट्रिपिंग की समस्या रही।

सुभाषनगर उपकेंद्र से जुड़ी पटेल विहार कॉलोनी में मंगलवार को ट्रांसफार्मर में आग लग जाने के चलते केबल जल गई थी। बुधवार सुबह विभाग ने केबल बदलवाने का काम शुरु किया। पटेल विहार, बीडीए कॉलोनी और बदायूं रोड पर रात 8 बजे तक बिजली प्रभावित रही। महानगर उपकेंद्र से जुड़े मुंशीनगर, सरदार जी कॉलोनी और आकांक्षा एंक्लेव में ट्रिपिंग और कटौती होने से लोगों को दिक्कत हुई। जगतपुर क्षेत्र में तीन से चार घंटे बिजली कटौती की गई। अधिशासी अभियंता प्रथम अमित आनंद ने बताया कि पटेल विहार में रात 8 बजे के बाद आपूर्ति बहाल हो गई थी।

**आज इन इलाकों में बिजली कटौती :** हरूनगला डिवीजन से जुड़े कई इलाकों में गुरुवार को बिजली कटौती की जाएगी। अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला ने बताया कि हरुनगला से जुड़े जगतपुर उपकेंद्र के यार्ड में मरम्मत का काम कराया जाएगा। सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक उपकेंद्र से जुड़े आकाश पुरम, चक चुंगी, रोहली टोला, जगतपुर, सतीपुर आदि स्थानों पर बिजली कटौती की जाएगी।

### पांच किलोवाट के कार्मिशयल कनेक्शन पर नहीं बन पा रहे बिल, उपभोक्ता हो रहे परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** पांच किलोवाट से अधिक के कार्मिशयल बिल समय से नहीं बनने से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। दरअसल, बिलों में गड़बड़ी की शिकायत पर अधिकारियों ने एमआरआई केबल से बिलिंग के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बाद भी उपभोक्ताओं को समय से बिल नहीं मिल पा रहे हैं। अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि पांच किलोवाट से अधिक के बिलों पर नजर रखी जा रही है। सभी अधिशासी अभियंता और एसडीओ को निर्देश दिए गए हैं कि हर माह की 10 तारीख तक बिल बनाकर उपभोक्ताओं को समय से दे दिए जाएं। अगर बिल बनने में कहीं कोई शिकायत आ रही है तो उसमें सुधार किया जाएगा।

### अरविंद हत्याकांड में दो नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट बस अड्डे के पास ठेला लगाने के विवाद में अपहरण के बाद अरविंद की हत्या के मामले में पुलिस ने दो नाबालिगों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बिथरी थाना क्षेत्र के रामगंगा नगर कॉलोनी निवासी अरविंद नकटिया में पत्नी के साथ रहता था। शनिवार को ठेला लगाने के विवाद के बाद विशाल उर्फ मूंगफली साथी विशाल सिन्हा उर्फ अमित व दो नाबालिग दोस्तों के साथ अरविंद और उसके साथी विपिन को सेटेलाइट से गुलाबाड़ी नवादा शेखान उठा ले गया। अरविंद की पीटकर हत्या कर दी गई थी।

# ड्राइविंग टेस्ट के लिए आवेदकों में नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **दो दिन के अवकाश के बाद बुधवार को परसाखेड़ा में ट्रैक पर हुए टेस्ट**

● **120 आवेदक टेस्ट देने पहुंचे, 25 टेस्ट में पास, 30 ने तिथि बढ़ाई**

**अमृत विचार :** परसाखेड़ा स्थित ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर दो दिन के अवकाश के बाद बुधवार को बड़ी संख्या में आवेदक टेस्ट देने पहुंचे। इसकी वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गई। टेस्टिंग पहले देने को लेकर कई वाहन चालकों में कहासुनी हो गई और जमकर हंगामा हुआ। सुबह 10 से शाम 6 बजे तक टेस्ट हुए।

पोलिंग पार्टियों की रवानगी की वजह से सोमवार और मतदान की वजह से मंगलवार को परसाखेड़ा ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक बंद रहा था। दो दिन बाद बुधवार को ट्रैक खुलने के बाद 120 आवेदक कार और बाइक का टेस्ट देने पहुंचे। पहले नंबर आने को लेकर आवेदकों में कहासुनी के बाद हंगामा भी हो गया।

जिसके बाद ट्रैक के कर्मचारियों ने किसी तरह से उन्हें शांत कराया। टेस्ट में 25 आवेदक पास हुए। वहीं 30 आवेदकों ने भीड़ अधिक होने पर अपने टेस्ट की तिथि को आगे बढ़ा दिया। आरआई टेक्निकल एमपी सिंह ने बताया कि दो दिन की छुट्टी के बाद ट्रैक पर बुधवार को आवेदकों की संख्या अधिक हो गई थी। देर शाम तक सभी के टेस्ट ट्रैक पर करा दिए गए।


परसाखेड़ा में टेस्ट देने के लिए ट्रैक के बाहर खड़े आवेदक। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### 1974 की रेल हड़ताल में शामिल कर्मियों को किया सम्मानित



बरेली, अमृत विचार : एनआरएमयू ने बोनस को लेकर 1974 में हुई हड़ताल में शामिल होने वाले रेल कर्मियों को बुधवार को सम्मानित किया। ये लोग उस दौरान जेल गए थे। सम्मानित होने वालों में वरिष्ठ कॉमरेड बहादुर खान, ओपी पांडे और रवि राठौर शामिल हैं। बहादुर खान ने बताया कि किस तरह जेल के अंदर उन्हें और साथियों को प्रताड़ित किया जाता था। वहीं, बुधवार शाम जंक्शन स्थित यूनियन कार्यालय पर एनआरएमयू ने सभा की, जिसमें शाखा सचिव राजेश दुबे, अध्यक्ष मुशर्रफ खान, मंडल उपाध्यक्ष पंकज सक्सेना, चमन सिंह, महेश चंद, जितेश मीणा, अजय वर्मा, जग्गी, सत्येंद्र, नरेंद्र कुमार राजपूत, संजीव गुप्ता, देवकीनंदन आदि मौजूद रहे।

### आशुतोष सिटी में हुआ नवदुर्गा जागरण



बरेली, अमृत विचार : आशुतोष सिटी में नवदुर्गा जागरण का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दो दिन पहले यहां अखंड रामायण पाठ किया गया था।

### मशाल दौड़ से स्वस्थ रहने का दिया संदेश



बरेली, अमृत विचार : विश्व एथलेटिक्स दिवस के उपलक्ष्य में जिला एथलेटिक संघ ने बुधवार को रिठौरा के आदेश नगर में मशाल दौड़ का आयोजन किया। जिसके माध्यम से लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। जिला एथलेटिक संघ के सचिव साहिबे आलम ने बताया कि मशाल दौड़ विभिन्न स्थानों से होती हुई आदेश नगर में खेल परिसर में आकर समाप्त हुई। इसमें 25 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### स्कूल में छात्र संसद का किया गठन




बरेली, अमृत विचार : स्टेडियम रोड स्थित कैम्ब्रेज स्कूल में बुधवार को इन्वेस्टीचर सेरेमनी का आयोजन हुआ। इस मौके पर स्कूल में छात्र संसद का गठन किया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों का मनमोह लिया। सेवानिवृत्त प्रो. कृष्ण अवतार वार्ष्णेय ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। नव्या शर्मा हेड गर्ल और अभिषेक ग्वाल हेड ब्वॉय बने। मैनेजिंग डायरेक्टर डा. केए वार्ष्णेय, सलमान हुसैन, खुशबू चन्द्रा, साधना चौहान, मो. फरहान, तैयबा खान, शिव वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### 84 महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण



बरेली, अमृत विचार : केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान ने कैरी याकूबपुर, जवेदा, रिद्धी, रूपवती, एमएल व कैरी भारती छह स्वयं सहायता समूहों की 84 महिलाओं को सिलाई मशीन, कैंची, फीता, बुकरम, कटर, चाक, सूट का कपड़ा आदि सामान उपलब्ध कराया है। इन स्वयं सहायता समूह को 15 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया था। संस्थान के निदेशक डा. एके तिवारी ने बताया कि स्वरोजगार सृजन के लिए महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने को परियोजना के तहत यह कार्य किया गया है।

### जिला अस्पताल के छह वार्डों का होगा कायाकल्प

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल के सड़क पार वाले पुराने भवन के छह वार्डों का कायाकल्प किया जाएगा। भवन के रंगरोगन के साथ वार्डों में नए पंखे भी लगाए जाएंगे। इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया। सड़क पार वाला भवन करीब 60 साल पुराना है। इसमें टीबी, आइसोलेशन और बर्न वार्ड समेत छह वार्ड हैं। ।

### अस्थमा से बचाव के बारे में दी जानकारी




बरेली, अमृत विचार : विश्व अस्थमा दिवस पर मंडल रेलवे चिकित्सालय इज्जतनगर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यूएस नाग के निर्देशन में संगोष्ठी हुई, जिसमें अस्थमा से बचाव और उपचार के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोहर कुमार, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष शंखधार, डॉ. सचिन श्रीवास्तव, डॉ. ऋषभ गाबा, डॉ. विनिथा शर्मा के अलावा पैरामेडिकल स्टॉफ और मरीज मौजूद रहे।

# स्नातक में मेरिट से होंगे प्रवेश कल से शुरू होंगे पंजीकरण

## रुविवि ने सत्र 2024-25 में स्नातक प्रवेश की प्रक्रिया की शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 10 मई से 9 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण होंगे। इसके लिए 150 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। महाविद्यालयों को पंजीकृत छात्रों के मेरिट के आधार पर प्रवेश लेने होंगे। बुधवार को कुलसचिव ने परिसर के सभी संकायाध्यक्षों व विभागाध्यक्षों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को प्रवेश संबंधी नियम और दिशा-निर्देश दिए।

कुलसचिव के मुताबिक स्नातक पाठ्यक्रमों (प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होने वाले प्रवेश को छोड़कर) के लिए प्रवेश प्रक्रिया होगी। विद्यार्थी एक या एक से अधिक महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पंजीकरण के दौरान अधिकतम 10 महाविद्यालयों का




- पोर्टल पर 9 जून तक ऑनलाइन होंगे पंजीकरण, 150 रुपये शुल्क किया निर्धारित

चयन कर सकते हैं। महाविद्यालयों को प्रवेश के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से विज्ञप्ति जारी कर आवेदन प्राप्त करने होंगे। इसके बाद आवेदनों की जांच कर मेरिट जारी कर प्रवेश लेने होंगे। मेरिट के बाद महाविद्यालयों को छात्रों के प्रवेश लेकर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर लॉगिन आईडी के माध्यम से सीट लॉक करनी होगी।

### एक साथ दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति

नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी किसी भी दो पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकेगा लेकिन इसमें एक पाठ्यक्रम संस्थागत और दूसरा व्यक्तिगत, ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कर सकेंगे। छात्र केवल एक ही महाविद्यालय में एक ही पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। छात्रों को प्रवेश के लिए शैक्षिक एवं अन्य प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

### बरेली कॉलेज में जल्द खुलेगा पोर्टल

बरेली कॉलेज की मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि प्रवेश के संबंध में जल्द प्राचार्य से वार्ता कर समिति की बैठक की जाएगी। प्रवेश संबंधी दिशा-निर्देश पढ़कर जल्द ही पोर्टल पंजीकरण के लिए खोल दिया जाएगा।

### सत्यापन न होने से लटकी दशमोत्तर की छात्रवृत्ति

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षण संस्थानों की सीट और फीस का सत्यापन न होने के कारण दशमोत्तर की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति लंबित होने को लेकर संशोधित समय सारिणी बुधवार को जारी कर दी गई है। सत्यापन का कार्य 8 मई से शुरू हो गया है, जो 14 मई तक चलेगा।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी वीरपाल के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए शिक्षण संस्थानों की सीट, फीस का सत्यापन न होने की वजह से प्रक्रिया पोर्टल पर लंबित है, जिसकी वजह से छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान नहीं किया जा सका। इसको लेकर जिला समाज कल्याण अधिकारी की ओर से सत्यापन के लिए समय सारिणी जारी की गई। जिसके अनुसार छात्रों का सत्यापन कर अपात्र छात्रों, पाठ्यक्रम व संस्था को ब्लॉक करना है। बताया कि विश्वविद्यालय, संबद्ध एजेंसी के नोडल अधिकारी की ओर से भरी गई फीस को जिला समाज कल्याण अधिकारी की 8 से 13 मई तक खुद दर्ज कर डिजिटल हस्ताक्षर से आनलाइन सत्यापित करके लॉक किया जाएगा। 31 मई तक निदेशालय स्तर से धनराशि जारी कर दी जाएगी।

# परीक्षा नियंत्रक को कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कुलपति ने कुलसचिव अजय कृष्ण यादव को कार्यमुक्त किया

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कुलसचिव अजय कृष्ण यादव को बुधवार को कार्यमुक्त कर दिया। उन्होंने परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार को कुलसचिव का अतिरिक्त कार्यभार दिया है। शासन ने मंगलवार को कुलपति का स्थानांतरण करते हुए उन्हें महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी में परीक्षा नियंत्रक के सापेक्ष संबद्ध किया है।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बुधवार को आदेश दिया कि शासन के आदेश के बाद कुलसचिव अजय कृष्ण यादव को रुहेलखंड विश्वविद्यालय से सुबह 11:30 बजे कार्यमुक्त किया जाता है। कुलपति ने आदेश दिया कि परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह को कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार अग्रिम आदेशों तक दिया जाता है। परीक्षा नियंत्रक अपने मूल दायित्वों के अलावा कुलसचिव के दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे। बताया जा रहा है कि कुलसचिव अजय कृष्ण यादव के खिलाफ रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अलावा दो अन्य विश्वविद्यालयों की जांच चल रही हैं। ऐसे में जब तक जांचें पूरी नहीं हो जाती हैं, तब तक उन्हें कोई भी पूरी तरह से प्रभार नहीं दिया जाएगा।

### 346 केंद्रों पर होगी स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा के केंद्र निर्धारित कर दिए हैं। परीक्षा बरेली समेत नौ जिलों के 346 केंद्रों पर होगी। बरेली में बरेली कॉलेज समेत 47 केंद्र बनाए गए हैं। स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा 10 मई से शुरू होगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम और बीबीए की सम सेमेस्टर की परीक्षा के केंद्र निर्धारित कर दिए गए हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर केंद्र देख सकते हैं। छात्रों के प्रवेश पत्र भी परीक्षा केंद्र अंकित होगा।

# परिषदीय स्कूलों में बच्चों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में बच्चों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। लगातार तीन दिन तक बच्चे के स्कूल नहीं पहुंचने पर प्रधानाध्यापक शिक्षकों के साथ उसके घर पहुंचकर बच्चे को स्कूल भेजने के लिए अभिभावक को प्रेरित करेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने इस संबंध में बीएसए को पत्र भेज कर जुलाई माह से इसे लागू कराने के निर्देश दिए हैं।

प्रत्येक माह छात्र संख्या के साथ अनुपस्थित बच्चों की रिपोर्ट शिक्षकों की ओर विभाग को देनी होगी। साथ ही स्कूल में शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। शिक्षक अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने के साथ स्कूल न आने का कारण भी जानेंगे। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि प्रत्येक बच्चे की उपस्थिति पर अधिक हो, इसके लिए शिक्षकों को विशेष ध्यान देना होगा और अभिभावकों को प्रेरित करना होगा। इस संबंध में प्रधानाध्यापकों और बीईओ को जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

### गर्मी की छुट्टियों में बच्चें करेंगे ऑनलाइन पढ़ाई

बरेली, अमृत विचार : गर्मी की छुट्टियों के दौरान भी बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। इसके अलावा दो घंटे की ऑफलाइन पढ़ाई होगी। इसके लिए विभाग ने 41 दिन की रूपरेखा तैयार की है। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में इस माह के अंत में छुट्टी पड़ जाएगी। बच्चों की पढ़ाई के लिए सभी ब्लॉकों में 45 से 50 शिक्षकों का एक ग्रुप तैयार किया जाएगा। इस ग्रुप में शामिल शिक्षक बच्चों को समय सारिणी के अनुसार दो घंटे पढ़ाएंगे। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि 20 मई से गर्मी की छुट्टियां पड़ जाएंगी। इसके पहले बच्चों की पढ़ाई के संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए जाएंगे।

### स्वयं एप से छात्र डाउनलोड कर सकेंगे किताबें

**बरेली, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा के तहत स्वयं एप की शुरूआत हो गई है। नए सत्र में इस एप का अधिक से अधिक छात्र लाभ लें, इसके लिए शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

- डीआईओएस ने इस संबंध में प्रधानाचार्यों को भेजा पत्र

इस एप के माध्यम से 12 वीं तक के छात्र अपने पसंदीदा किसी भी विषय की किताबों का ऑनलाइन अध्ययन कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी राजकीय माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्यों को पत्र भेज कर अधिक से अधिक छात्रों को एप की जानकारी देने के साथ पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। इस सत्र में 21 सितंबर तक छात्र एप का लाभ ले सकेंगे। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि नए सत्र की सभी विषयों की किताबें एप पर उपलब्ध हैं। ज्यादातर छात्रों को इस एप के बारे में जानकारी नहीं है।

# शिक्षकों का 121 महाविद्यालयों की प्रयोगात्मक परीक्षा कराने से इन्कार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के शिक्षकों ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 121 महाविद्यालयों की प्रयोगात्मक और मौखिक परीक्षा कराने से इन्कार कर दिया। सेमिनार हाल में बुधवार को शिक्षकों ने बैठक कर कॉलेज में केंद्र बनाने का विरोध किया। शिक्षकों ने प्राचार्य प्रो. ओपी राय से कहा कि इस संबंध में वह विश्वविद्यालय को अवगत करा दें।

कॉलेज के सभी विभाग प्रभारियों ने बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया कि वे किसी भी दूसरे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक एवं मौखिकी परीक्षा संपन्न नहीं कराएंगे। शिक्षकों ने कहा कि कॉलेज में पूरे साल महाविद्यालयों की परीक्षाएं चलती रहती हैं। इसकी वजह से पढ़ाई का समय नहीं मिलता है। कॉलेज में दूसरे महाविद्यालयों की परीक्षाएं होती रहती हैं लेकिन कॉलेज की परीक्षा दूसरे कॉलेज में न कराकर स्वकेंद्र बना दिया जाता है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कुलपति प्रो. केपी सिंह से बात की है। बैठक में शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. गजेंद्र पाल, महासचिव प्रो. वीपी सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे, प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. स्वदेश सिंह आदि मौजूद रहे।



बरेली कॉलेज में शिक्षकों के साथ बैठक करते प्राचार्य प्रो. ओपी राय।

- बरेली कॉलेज के शिक्षकों ने प्राचार्य के समक्ष जताया विरोध

### बाह्य परीक्षक न मिलने से परीक्षा की स्थगित

बरेली कॉलेज में बीएससी भौतिक विज्ञान के द्वितीय और षष्टम सेमेस्टर की परीक्षा बाह्य परीक्षक न मिल पाने की वजह से स्थगित कर दिया गया है। विभाग प्रभारी प्रो. वीपी सिंह ने बताया कि 10, 11, 13, 14 और 15 मई को होने वाली परीक्षा की तिथि अब बाद में निर्धारित की जाएगी।

### सिग्नल विफलताओं में आई कमी, ट्रेन संचालन में सुधार

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे का दावा है कि सिग्नल विफलताओं में कमी आने के कारण ट्रेन संचालन में सुधार हुआ है। बीते वित्तीय वर्ष की तुलना में सिग्नल विफलताओं में 8.55 प्रतिशत की कमी आई है। जबकि दूर संचार विफलता में 37.3 प्रतिशत का सुधार हुआ है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार इस वर्ष पूर्वोत्तर रेलवे के 22 समपार फाटकों को इंटरलॉकिंग, 63 समपारों को इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर से लैस किया गया है। 122 स्लाइडिंग बूम लगाए गए हैं। बीते वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक 24 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की गई है। जिसमें से चार स्टेशन 200 से अधिक रूट के शामिल हैं।

# सीएचओ पर काम का बोझ चिकित्सकीय सेवाएं प्रभावित

**बरेली, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर तैनात कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) पर काम का बोझ है। उनके कंधों पर ओपीडी में मरीज देखने के साथ स्वास्थ्य विभाग के तमाम कार्यक्रमों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करने की भी जिम्मेदारी है। इससे चिकित्सकीय सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। हालांकि अफसरों का दावा है कि सेंटरों को मरीजों को बेहतर इलाज मिल रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र में कुल 367 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित हैं। मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रत्येक केंद्र पर कम्यूनिटी हेल्थ ऑफीसर तैनात है। सीएचओ को एचसीडब्ल्यू पोर्टल पर सेंटर पर आने वाले मरीजों की रिपोर्ट, ई-संजीवनी के तहत

- जिले में 367 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हो रहे हैं संचालित

संचालित टेली मेडिसिन सुविधा, ई-कवच पोर्टल पर वैक्सीनेशन संबंधी जानकारी, एनसीडी यानी गैर संचारी रोग जैसे हाइपरटेंशन, मधुमेह, ब्लड प्रेशर के मरीजों की स्क्रीनिंग का डाटा अपलोड करना, आभा आईडी की रिपोर्ट और कैंसर रोगियों की स्क्रीनिंग करने के साथ अन्य जिम्मेदारी दी गई हैं। रोज रिपोर्ट तैयार करने के साथ उन्हें सुबह 9 से शाम 4 बजे तक ओपीडी में मरीजों को उपचार भी करना है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि सेंटरों पर मरीजों को बेहतर इलाज मिल रहा है। इसकी रोजाना निगरानी भी की जा रही है।

### कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए छात्र 31 तक कर सकते हैं आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में असफल रहे छात्र कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए 31 मई तक आवेदन कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि अधिकतम दो विषयों में कम अंक आने के कारण जो छात्र उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं, वे इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इसके अलावा इंटर में मानविकी, वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित किसी एक विषय में, कृषि व व्यावसायिक परीक्षा के किसी भी ट्रेड में एक विषय में अपना आवेदन पत्र भर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए छात्र अपने स्कूल के प्रधानाचार्य से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन सुविधा भी मुहैया कराई गई है।

# नर्सिंग कॉलेज में स्पेक्ट्रा में खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई



खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बुधवार को स्पेक्ट्रा के तहत को-करिकुलर गतिविधियों की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चिकित्सा अधीक्षक डा. लेखराज वर्मा और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान की अध्यक्षता में हुआ। नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ प्रियंका ए मसीह एवं प्रो. वेल्लादुरई नारायनन उपस्थित रहे। संचालन अकांक्षा इमानुएल के किया। डॉ. प्रियंका ए मसीह ने कहा कि खेलकूद हमारे जीवन एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए जरूरी। बताया कि तीन दिवसीय खेलकूद में क्रिकेट, खो-खो, पोस्टर, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, वॉलीबाल, शतरंज, कैरम आदि प्रतियोगिताएं होंगी। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### मंडल में लक्ष्य से छह प्रतिशत अधिक माल का लदान

**बरेली, अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल रेल मंडल ने निर्धारित लक्ष्य से छह प्रतिशत ज्यादा माल का लदान किया है। मंडलीय अधिकारियों के मुताबिक 528.13 करोड़ रुपये का लक्ष्य था जिसके सापेक्ष 561.42 करोड़ रुपये की आय माल लदान से प्राप्त हुई है। बरेली कैंट स्टेशन को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया गया था। जिसका फायदा भी मंडल को होता दिख रहा है। यहां गुड्स प्लेटफार्म, कवर्ड शेड, सीजीएस कार्यालय, मर्चेंट रूम, लेबर रूम, माल गोदाम आदि सुविधाएं हैं।

# रामलला के लॉकेट और अयोध्या मंदिर के मॉडल की अंगूठी की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सोने के हर दिन बढ़ते-घटते दाम के बीच अक्षय तृतीया भी आ गई। मतदान हो चुका है। सर्राफा बाजार में रामलला के लॉकेट और अयोध्या मंदिर के मॉडल की अंगूठी की मांग है। सराफा कारोबारियों के अनुसार मांग के अनुरूप आभूषण तैयार कराए गए हैं। अयोध्या के राम मंदिर का असर आभूषणों पर भी दिख रहा है।

शुक्रवार को अक्षय तृतीया है। सराफा कारोबारियों ने शो रूम में नई वैरायटी में इजाफा किया है।



छोटे कारोबारियों ने ग्राहकों के अनुरूप कम वजन वाले गहने तैयार कराए हैं। इनमें अंगूठी, लॉकेट और बालियां शामिल हैं। बड़े शो रूम पर भी नई डिजाइन के आभूषण हैं। कई सराफा कारोबारियों ने बताया कि रामलला के लाकेट, मंदिर के मॉडल वाली अंगूठी, रामदरबार के सिक्के बनवाए गए हैं। यह गहने हल्के और भारी वजन में हैं।

- अक्षय तृतीया : सराफा कारोबारी बोले- ग्राहकों की मांग के अनुरूप तैयार कराए हैं आभूषण

सोने के बढ़ते दाम की वजह से कई लोगों ने पहले ही बुकिंग करा ली है। कई लोगों ने अक्षय तृतीया को ही गहने उठाने की बात कही है। बताया कि गहनों की लेटेस्ट डिजाइन मौजूद है।

### बरेली कॉलेज की प्रबंध समिति ने प्राचार्य को लिखा पत्र

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज की प्रबंध समिति ने प्राचार्य प्रो. ओपी राय को पत्र लिखा कि उन्होंने कॉलेज में भय का माहौल बना रखा है। उन्होंने रसायन विभाग का प्रभार देने के मामले में भी बिना वजह अड़ंगा लगाया है।

इसके अलावा सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों के निदेशक प्रो. अनुराग मोहन की भी फाइलें रोकी हैं। इसकी वजह से शिक्षिका को परेशानी हो रही है। इस खत के आने के बाद शिक्षकों में भी कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इस संबंध में प्राचार्य का कहना है कि वह नियम के तहत काम कर रहे हैं।

# सृजन वेलफेयर सोसाइटी ने लिया शगुन की शिक्षा का जिम्मा

**बरेली, अमृत विचार :** सृजन वेलफेयर सोसायटी ने नौवीं कक्षा की छात्रा शगुन कन्नौजिया की शिक्षा की जिम्मेदारी ली है। सोसायटी अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना ने बताया अब तक 138 जरूरतमंद बच्चों की शैक्षिक रूप से सहायता की जा चुकी है। सोसायटी ने शगुन सहित 139 बच्चों को शैक्षिक रूप से गोद ले रखा है।

बच्चों को कॉपी, किताबें, यूनिफार्म और उनकी फीस देने के साथ महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए भी काम किया जा रहा है। महिलाओं को सिलाई, मेहंदी लगाना, अचार, पापड़ आदि बनाने के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। इसके अलावा कुछ बच्चों को आईटीआई कराने के साथ रोजगार दिलाने में भी सोसाइटी की ओर से हर संभव मदद की जा रही है।



शगुन को किताबें देतीं सृजन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. दीक्षा।

### अंडर-19 और अंडर-16 के मंडलीय ट्रायल हुए

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली क्रिकेट संघ की ओर से बुधवार को एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट के अंडर-19 और अंडर- 16 के मंडल स्तरीय ट्रायल हुए। इस दौरान बरेली मंडल के चारों जिलों से 130 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, बदायूं से 80 खिलाड़ियों ने अंडर- 19 और 55 खिलाड़ियों ने अंडर-16 में मैच खेलकर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस दौरान संघ के सचिव सीताराम सक्सेना, संरक्षक आदित्यमूर्ति, क्रिकेट कोच मनीष सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पिकअप ने ढाबा मालिक को रौंदा, पांच सौ मीटर घसीटा

## पीलीभीत हाईवे पर खराब कार को किनारे कराते समय हादसा

संवाददाता, नवाबगंज



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।



- मरम्मत कराने के बाद फिर खराब हो गई थी कार

**अमृत विचार :** बरेली-पीलीभीत हाईवे पर नवाबगंज के ढाबा संचालक को बड़े बाईपास पर फरीदपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कार में फंसे ढाबा संचालक को पिकअप चालक काफी दूर तक घसीटता ले गया। लोगों को आते देख चालक पिकअप छोड़कर भाग गया। हादसे की सूचना ढाबा संचालक के घर पर पहुंची तो कोहराम मच गया।

नवाबगंज के मोहल्ला बंजारन निवासी मो. सलीम बरेली -पीलीभीत हाईवे पर भाई के साथ ढाबा चलाते हैं। मंगलवार को करीब तीन बजे वह कार से बरेली की ओर जा रहे थे, कार में कुछ खराबी आ गई तो वह उसे सही कराने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर ले गए, जहां से देर रात लौट रहे थे, कुछ दूरी तय करने के बाद कार बंद हो गई। इस दौरान बड़े बाईपास पर बजरंग ढाबे के आसपास के लोगों की मदद से वह कार को साइड कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार पिकअप ने कार को पीछे से टक्कर मारती हुए चालक साइड में खिड़की खोलकर स्टेयरिंग संभाल रहे मो. सलीम को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे सलीम कार में फंस गए इसके बाद पिकअप चालक 500 मीटर तक उन्हें घसीटता ले गया। इस दौरान पीछे से लोगों को आते देख पिकअप चालक पिकअप छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना पर ढाबा संचालक के परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया। मो. सलीम की पत्नी मेराज व पांच वर्ष का बेटा जोहिव है।

# शीशगढ़ में अभी एक दिन और झेलनी होगी बिजली कटौती

संवाददाता, शीशगढ़

- जाफरपुर उपकेंद्र के लिए मंगाया गया 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर
- गुरुवार शाम तक चालू होगी बिजली सप्लाई


ट्रांसफार्मर लगाते कर्मचारी।

**अमृत विचार:** शीशगढ़ के जाफरपुर उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र के लोगों को अब गर्मी में बिजली कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। हरियाणा के सोनीपत से नया 10 एमबीए का ट्रांसफार्मर बुधवार को लगा दिया गया। जिसके बाद अब उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति दी जाएगी। हालांकि यह ट्रांसफार्मर गुरुवार शाम तक ही चालू हो पाएगा।

गर्मी में लोड बढ़ने के बाद लगातार फॉल्ट होने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसके बाद पिछले दिनों विभागीय अधिकारियों की तरफ से उपकेंद्र पर नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेजा गया था। मुख्यालय की तरफ से नया ट्रांसफार्मर लगाने को लेकर प्रस्ताव पास कर दिया था। जिसके बाद बुधवार को उपकेंद्र पर 10 एमबीए का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया। जिसे गुरुवार की शाम तक चालू कर दिया जाएगा। बुधवार को ट्रांसफार्मर लगाने के चलते पूरा दिन बिजली का संकट रहा। अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर उपकेंद्र पर लगा दिया गया है। अब क्षेत्र से बिजली का संकट दूर हो जाएगा।

## एक नजर

### महिला को पीटा, घर पर कब्जा करने की धमकी

**आंवला, अमृत विचार :** एक महिला ने दूसरी महिला पर समरसेबल की मोटर ले जाने, मारपीट करने समेत अन्य आरोप लगाए। महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला गौसिया चौक नई बस्ती निवासी रंजीत सिंह की पत्नी जलधारा ने बताया कि वह लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए गांव गई थी। उसके घर में लगी समरसेबल से मोटर गायब थी। ग्रामीणों ने बताया कि उसकी मोटर बीहट गांव की एक महिला ले गई है। उसने उससे जानकारी की तो वह झगड़ा करने पर आमादा हो गई। बुधवार की सुबह वह महिला उसके घर आई और मारपीट करने लगी। आरोप है कि वह उसके घर में कब्जा करने की धमकी दी है।

### बेटी के घर गए पिता के साथ की मारपीट

**देवरनियां, अमृत विचार :** क्योलड़िया के गांव हररैया निवासी सुरेश ने देवरनियां पुलिस को दी गई, तहरीर में बताया कि पांच मई को बेटी के गांव अमृता में गया था। उसके समधी के साले मुन्ना ने शराब के नशे में उन्हें रंजिशन गाली देनी शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो अपने भाई राकेश निवासी पथराजपुर थाना शाहजहांपुर और शिवम निवासी मोहल्ला लक्ष्मीपुर थाना खुदागंज शाहजहांपुर ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर काफी लोग आ गए। भीड़ इकट्ठी होने पर वे लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। सुरेश ने तीनों लोगों पर कार्रवाई के लिए देवरनियां कोतवाली में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं।

### अनियंत्रित होकर फिसली बाइक, दो भाई घायल

**आंवला, अमृत विचार :** भाई के साथ दावत से लौट रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों भाई घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है। कुंवरपुर गांव निवासी जमुना प्रसाद भाई कुंवरपाल के साथ रिश्तेदारी में दावत से लौट रहे थे। आंवला बदायूं मार्ग के देवी पुल के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे दोनों भाई घायल हो गए।

### डंपर खाई में पलटने से चालक घायल

**आंवला, अमृत विचार :** एक डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया, जिससे डंपर चालक घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को अस्पताल भेजा है। अलीगढ़ के पटवारी नगला निवासी युसुफ ने बताया कि वह डंपर चलाता है। बुधवार सुबह नहर के समीप कार्य करके वह आंवला-अलीगंज मार्ग से गुजर रहा था। इसी दौरान डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे वह घायल हो गया।

# दबंगों ने धारदार हथियार से किया हमला, दो घायल

संवाददाता, शीशगढ़

**अमृत विचार :** लेखपाल के सामने मकान की नाप जोख के दौरान दबंग पड़ोसियों ने धारदार हथियार से हमला करके दो लोगों को घायल कर दिया। एक पक्ष की ओर से पहले ही 7 लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट रिपोर्ट दर्ज कराई गई हैं, वहीं दूसरे पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एनसीआर दर्ज की हैं।

चार दिन पहले कुतकपुर गांव निवासी अवनीश कुमार और दूसरे पक्ष के विजेन्द्र कुमार में हल्का लेखपाल की ओर से मकान की पैमाइश के दौरान झगड़ा हो गया था। पुलिस ने घटना वाले दिन ही विजेंद्र कुमार की शिकायत पर अवनीश कुमार, वीरेंद्र कुमार, पवन कुमार, सत्येंद्र, ओमेन्द्र, संजीव व गगन के खिलाफ तमंचे की बट मारकर विजेंद्र को घायल करने का मुकदमा दर्ज कराया था। दूसरे पक्ष के घायल अवनीश कुमार और पवन सिंह की शिकायत पर पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही थी।

अब पुलिस ने दूसरे पक्ष के घायल अवनीश कुमार की शिकायत पर प्रथम पक्ष के विजेंद्र कुमार और मनोज कुमार के खिलाफ अवनीश कुमार और पवन सिंह से मारपीट की एन सी आर दर्ज की है। इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार ने बताया कि झगड़े में दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत हुई है। एक पक्ष की तरफ से एफआईआर हुई है तो दूसरे पक्ष की तरफ से जांच के बाद एनसीआर दर्ज की गईं है।

### आरपीएफ ने दो वेंडरों और एक किन्नर को पकड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन थाना आरपीएफ ने मंगलवार देर रात 14208 पद्मावत एक्सप्रेस में छापा मारकर यात्रियों से पैसे मांगने वाले किन्नर को पकड़ लिया। उसके खिलाफ रेलवे एक्ट में कार्रवाई की गई। गुरुवार सुबह आरोपी किन्नर को छुड़ाने उसके दूसरे साथी भी पहुंच गए। इसके अलावा आरपीएफ ने 15623 कामाख्या एक्सप्रेस दो वेंडरों को पकड़ लिया गया। यह वेंडर यात्रियों को मनमाने दामों पर खाने पीने का सामान बेच रहे थे। दोनों के खिलाफ भी रेलवे एक्ट में कार्रवाई की गई।

# बहन की हत्या कर भाई ने की खुदकुशी

संवाददाता, रुद्रपुर / बरेली


करिश्मा।


सुनील।

- चार दिन पहले सिंह कॉलोनी में लिया था किराए पर कमरा
- बरेली के चदुआ गांव के रहने वाले थे भाई- बहन

**अमृत विचार :** आदर्श कॉलोनी पुलिस चौकी इलाके में बहन की गला दबाकर हत्या करने के बाद भाई ने आत्महत्या कर ली। पुलिस हत्या और आत्महत्या के कारणों की तलाश में जुट गई है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए है।

चदुआ बरेली निवासी 23 वर्षीय सुनील ने चार दिन पहले अपनी बहन 19 वर्षीय करिश्मा के साथ सिंह कॉलोनी गली नंबर दस स्थित अमोलक का मकान किराए पर लिया था। बुधवार सुबह सुनील का बहनोई रवि कमरे पर आया और काफी देर तक आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। उसने दरवाजे के नीचे से झांककर देखा। जहां सुनील का शव लटका था और करिश्मा का शव जमीन पर था। रवि ने आदर्श कॉलोनी चौकी की पुलिस को घटना से अवगत कराया। सीओ सदर निहारिका तोमर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। सुनील ने पहले करिश्मा की रस्सी से गला दबाकर हत्या की और उसके बाद पंखे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मकान स्वामी व रवि से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गोवंशीय पशु टकराने से 50 मिनट खड़ी रही ट्रेन

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

- ट्रेन में झटका लगने से सवारियों में मची अफरा-तफरी
- पीछे से आ रही एक्सप्रेस ट्रेनों को लूप लाइन से गुजारा गया

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर की ओर से जा रही काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से गोवंशीय पशु टकरा गया और उसका शव ट्रेन के इंजन के पहियों में फंस गया। ट्रेन झटका खाते हुए गोवंश को 500 मीटर तक घसीटते हुए आगे जाकर रुकी। इससे सवारियों में अफरा -तफरी मच गई।

लोको पायलट और रेलवे कर्मचारियों ने करीब 40 मिनट तक ट्रेन को रोक कर गोवंशीय पशु के अवशेष के निकाले। पीछे से आ रही ट्रेनों को लूप लाइन से पास कराया गया। तकरीबन 50 मिनट बाद ट्रेन लखनऊ की ओर रवाना हुई। फतेहगंज पूर्वी के बिलपुर स्टेशन पर बुधवार करीब शाम 5:55 पर बरेली से लखनऊ की ओर काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस जा रही थी। इसी दौरान काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस के लोको पायलट संजय कुमार के बिलपुर स्टेशन पर पहुंचने से पहले एक गोवंशीय पशु ट्रेन की चपेट में आकर पावर में फंस गया। करीब 500 मीटर तक गोवंशीय पशु का शव घसीटता हुआ चला गया। लोको पायलट ने सूझबूझ के साथ बिलपुर स्टार्टर सिग्नल के पास ट्रेन को रोकी। लोको पायलट की सूचना पर रेलवे कर्मचारी फोर्स के साथ पहुंच गए। ट्रेन में फंसे गोवंशीय पशु के शव को निकालने में 40 मिनट लग गया। 50 मिनट के बाद काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस को लखनऊ की ओर 6:45 पर रवाना किया गया। पीछे से आ रही एक्सप्रेस ट्रेनों को लूप लाइन से गुजरा गया। ट्रेन में झटका लगने से यात्रियों में अफरा तफरी मच गई।

## सार-संक्षेप

### परिवार के लोग आपस में भिड़े, पति-पत्नी घायल

**आंवला, अमृत विचार :** अगले माह होने वाली शादी के कार्यक्रम घर में करने को लेकर परिवार के ही लोग आपस में भिड़ गए। मारपीट में एक पक्ष के दो लोग घायल हो गए। एक पक्ष ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। फुंदननगर गांव निवासी अर्जुन सिंह की पत्नी कुसुमा देवी ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 24 जून को होनी है। उसके परिवार के लोग शादी की रस्म घर में न करके बाहर करने का दबाव बना रहे हैं। बुधवार की शाम करीब 4 बजे परिवार के लोग लाठी डंडे लेकर आ गए और उसे मारने लगे। पति अर्जुन सिंह बचाने आये तो उन्हें भी पीटा। जिससे वह दोनों पति पत्नी घायल हो गए। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

### मुकदमा वापस न लेने पर दबंगों ने वकील पर किया फायर

**बरेली/सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र के अटरिया गांव में मुकदमा वापस न लेने पर अधिवक्ता पर दबंग ने फायर झोंक दिया। गोली दरवाजे को पार करते हुए घर के अंदर जा गिरी। सीबीगंज पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले की कोशिश में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव अटरिया निवासी अधिवक्ता मोहन स्वरूप ने बताया कि गांव के ही सुभाष और रवि से कुछ दिनों पहले उनका विवाद हो गया था। इस मामले में उन्होंने थाना सीबीगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। मंगलवार रात को वह सीबीगंज से अपने घर आ गए थे। वह घर के अंदर घुसकर दरवाजा बंद ही कर रहे थे, इसी दौरान रवि और सुभाष पहुंच गए और उन पर गोली चला दी, जो दरवाजे में लगी। सीबीगंज पुलिस ने सुभाष व रवि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सामाजिक संस्था अध्यक्ष ने ग्रामीणों से की चर्चा



**बरेली, अमृत विचार**, नवाबगंज के सात गांवों में मतदान बहिष्कार होने पर पैनी नजर सामाजिक संस्थान की अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी की रूहेलखंड प्रांत उपाध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार ने गांवों में पहुंच कर लोगों का हाल जाना। बुधवार को उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं पर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि वहां के लोग आक्रोशित है और वहां पुल निर्माण नहीं होने तक मतदान का बहिष्कार करेंगे। जनतंत्र में शासन और प्रशासन को जनता के साथ दोहरा व्यवहार किया जा रहा है, ऐसा नहीं होना चाहिए। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवाबगंज सहित पूरे जिले के कई क्षेत्रों में लोगों मतदान का बहिष्कार किया है जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं।

### घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**दुनका, अमृत विचार :** एक दबंग ने घर में अकेली बैठी किशोरी से छेड़खानी की, इसी दौरान किशोरी का भाई आ गया और उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। परिजनों के घर बेटे ने पूरी जानकारी दी तो पीड़िता के पिता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के पिता ने बताया कि वह मंगलवार को वोट डालने पत्नी के साथ गया था। घर में उसकी सोलह वर्षीय बेटी और बेटा अकेले थे, इसी दौरान गांव का ही शहजिल उसके घर में घुस आया और उसकी बेटी से छेड़खानी करने लगा, इसी दौरान उसका बेटा आ गया और उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। की की इतने में लड़की केभाई ने देख लिया देखने पर उसे पकड़ लिया पकड़ने पर शहजिल गाली गलौज दी और जान से मारने की धमकी दी देकर घर से भाग हो गया जब जफरुल इस्लाम दोनों मियां बीवी वोट डालकर घर पहुंचे तो लड़के ने बताया शहजिल ने बहन के साथ असील हरकतें की और बहन के साथ गलत तरीके से व्यवहार कर रहा था तब मां-बाप को पता चलते ही धुनका चौकी में तहरीर देकर फिर रिपोर्ट दर्ज कराई चौकी इंचार्ज नहीं होता है की लड़के के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है।

### बैंक अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप, जांच की मांग

**बहेड़ी, अमृत विचार :** व्यवसायिक ऋण खाते में कथित तौर पर दो -तीन बार गलत तरीके से बड़ौदा यूपी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से सरफेसी एक्ट के तहत कार्रवाई कर अनाप- शनाप व्यय जोड़ने पर कोर्ट जाने को मजबूर हुए व्यापारी ज्ञान प्रकाश ने अब क्षेत्रीय प्रबंधक के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल दिया गया। बैंक के ही कुछ निचले स्तर के अधिकारियों को अपने भरोसे में लेकर उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से बरती गईं उन गड़बड़ियों को सार्वजनिक कर केंद्रीय सतर्कता आयोग से जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, बड़ौदा यूपी बैंक की तमाम शाखाओं में प्रबंधकों पर दबाव बनाकर बड़ी संख्या में केसीसी डेयरी लोन खुलवाना, खाते को एनपीए होने से बचाने को ऋण खाते गलत केसीसी कोड में खोलने, पुराने खातों को बंद कराने का दबाव बनाने, केसीसी और जन धन खातों में अनावश्यक रूप से ब्याज लगाने समेत कई आरोप हैं। शिकायत कर्ता ने क्षेत्रीय प्रबंधक पर अन्य गंभीर आरोप लगाकर उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर जांच कराने की मांग की हैं।

### तेंदुए के हमले में तीन घायल, भीड़ ने पीटकर मार डाला

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन की भीरा रेंज के गांव रामनगर कलां में गन्ने के खेत की गुड़ाई और सिंचाई कर रहे ग्रामीणों पर झाड़ियों में छुपे बैठे तेंदुए ने हमला कर दिया। इससे तीनों ग्रामीण घायल हो गए। सूचना पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तेंदुए को पीट-पीटकर मार डाला। दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन के भीरा रेंज की बिजुआ बीट से सटे रामनगर कलां के निकट खेतों में मजदूर गन्ने की गुड़ाई और सिंचाई का कार्य क्र रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे पास में लगी झाड़ियों में छुपे बैठे तेंदुए ने गांव के ही संतराम (30) रामसागर (40) और हीरालाल 33 पर हमला कर दिया, जिससे तीनों ग्रामीण घायल हो गए। शोरगुल होने पर तमाम ग्रामीण लाठी-डंडा और धारदार हथियार लेकर खेतों की तरफ दौड़ पड़े। शोर शराबा होने पर तेंदुआ झाड़ियों में जाकर छिप गया।

### बैंक से तीन लाख रुपये से भरा बैग चोरी

**लखीमपुर खीरी।** जिला सहकारी बैंक शाखा फरधान में शाखा प्रबंधक की मेज पर रखे नोटों से भरे बैग पर एक उचक्के ने हाथ साफ कर दिया। बैग में 298398 रुपए थे, जिन्हें कैमहरा की किसान सेवा समिति के सचिव बैंक शाखा में जमा करने आए थे। किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड कैमहरा के सचिव रविंद्र कुमार ने बताया कि वह समिति का रुपया जिला सहकारी बैंक शाखा फरधान में जमा करने गए थे। बैग में 182098 रुपए खाद बिक्री का था, जबकि 116300 रुपए किसानों के कर्ज की वसूली का था।

# संसाधनों की कमी से जूझ रहा फायर स्टेशन

संवाददाता, बहेड़ी


फायर स्टेशन पर दमकल वाहन।

- एक ही दमकल वाहन होने से बुलानी पड़ती है बाहर से गाड़ी

**अमृत विचार :** कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की ओर से करीब 10.55 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा नया फायर स्टेशन बनकर तैयार हो चुका है। दो दशकों से जिन संसाधनों का अभाव था, उनकी स्थिति आज भी जस की तस हैं।

दो दशक पहले फायर सर्विस स्टेशन पर आग बुझाने के लिए दो गाड़ियां थीं, उनमें से एक को बरेली मंगवा लिया फिर वह वापस नहीं आई। बहेड़ी, रिछा और शेरगढ़ समेत तहसील भर के 408 गांवों में आग से बचाव का जिम्मा बहेड़ी फायर स्टेशन पर है। कभी कभार तो ऐसी नौबत यह आ जाती है कि कई जगह आग लग जाने पर एक ही गाड़ी दिन भर दौड़ती रहती है। डीजी फायर सर्विस से उनके दौरे के दौरान एक गाड़ी और भेजे जाने की मांग दिसंबर माह में की गई थी पर अब तक हुआ कुछ भी नहीं। फायर स्टेशन पर 16 लोगों के स्टाफ का मानक है, इसके उलट केवल 11 की तैनाती है। अग्नि शमन अधिकारी का पद खाली चल रहा है। सेकेंड अफसर के रूप में योगेश कुमार ही व्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिश करते हैं। इसके अलावा मुख्य फायर मैन, एक ड्राइवर, एक रसोईया की कमी है। फायर स्टेशन की जीप जर्जर हालत में है। आपात स्थिति में कई बार इसको धक्के लगवाकर काम चलाया जाता है। प्रभारी फायर स्टेशन योगेश कुमार ने बताया कि मीना बाजार, धोबी तालाब सहित कई स्थानों पर हाइड्रेंट सड़क में दब गए हैं। कुछ पर कब्जे हैं। नगरपालिका परिषद व मोहल्ला महादेव पुरम स्थित जल निगम के हाइड्रेंट से ही आपात स्थिति में गाड़ियों में पानी भरने का विकल्प है। उन्होंने नगर के सभी वाटरहेड टैंकों पर हाइड्रेंट बनाने जाने की बात कही है। इसके अलावा हर ग्राम पंचायत में भी हाइड्रेंट बनाए जाने को लेकर बीडीओ के समक्ष प्रस्ताव रखा है।

# नकब लगाकर चोर नकदी -जेवर ले गए

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** दीवार में नकब लगाकर चोर दो घरों से नगदी समेत लाखों के जेवर चुरा ले गए। सुबह परिजनों को चोरी का पता लगा तो थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। खबर लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई थी। क्षेत्र के ग्राम बाकरगंज निवासी अशफाक अहमद मंगलवार रात परिजनों के साथ घर के बाहर सो रहे थे। चोर नकब लगाकर करीब 5 लाख नकद, जेवर और 4 क्विंटल गेहूं ले गए। अशफाक ने बताया कि उसने खेत का बैनामा कराने के लिए बैंक से पैसे निकाल कर घर पर रखे थे। इसके अलावा अज्ञात चोरों ने पड़ोसी निसार खान के मकान में भी नकब लगाकर कमरे में रखें करीब एक लाख रुपये नकद- सोने चांदी के आभूषण और बर्तन चुरा ले गए।

### समाजसेवी पीके अग्रवाल का निधन

**फरीदपुर।** समाजसेवी, पीके अग्रवाल का इलाज के दौरान बुधवार को निधन हो गया। मोहल्ला साहूकारा निवासी समाजसेवी 15 दिन से बीमार थे।

# दोषी प्रधान पर कार्रवाई न होने पर अधिकारियों से की शिकायत

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गांव भोजपुर जोगीठेर में विकास कार्यों में अनियमितता बरतने के आरोप की शिकायत जिलाधिकारी से किए जाने के बाद हुई जांच की रिपोर्ट करीब छह माह पहले डीपीआरओ कार्यालय भेजने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। परेशान ग्रामीणों ने पंचायती राज निदेशक को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण महेंद्र पाल, ममता, नीतू, हर स्वरूप, ज्ञान प्रकाश, रूपेश कुमार व श्याम लाल आदि के हस्ताक्षर युक्त पत्र में कहा गया है कि बीते साल 25 जून को विकास कार्यों में अनियमितता बरतने की शिकायत डीएम से किए जाने के बाद दिसंबर में हुई जांच में प्रधान को 11 बिंदुओं में दोषी पाया गया। प्रधान जांच अधिकारियों को कोई अभिलेख भी नहीं दिखा सके।

जांच अधिकारियों ने रिपोर्ट 16 दिसंबर को डीपीआर ओ को सौंप दी। इसके बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद डीएम से फिर शिकायत की गई। ग्रामीणों ने प्रधान के वित्तीय अधिकार सीज कर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

जड़ से इलाज — तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

सार्वजनिक नोटिस

आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, चौक मंडी शाखा, शाहजहांपुर, श्री ज्ञान देव गुप्ता पुत्र श्री कैलाश चंद्र गुप्ता और मेसर्स ओमर कोल्ड स्टोरेज प्रा0 लि0 रजिस्टर्ड ऑफिस 100, दलेलगंज, शाहजहांपुर के नाम पर निम्नलिखित संपत्ति, अनुरोधित ऋण सुविधा के सुरक्षा के रूप में स्वीकार करना चाहती है।

यदि किसी को नीचे दी गई संपत्ति पर कोई अधिकार/स्वामित्व/ब्याज/दावा है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने दावे को साबित करने के लिए आवश्यक प्रमाण के साथ 10 दिनों के भीतर बैंक से संपर्क करें।

यदि 10 दिनों के भीतर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो यह माना जाएगा कि संपत्ति किसी भी शुल्क/दावे/बाधा से मुक्त है और बैंक बंधक के साथ आगे बढ़ेगा।

संपत्ति का विवरण : फैक्टरी भूमि एवं भवन ग्राम लालपुर, परगना जमौर, तहसील सदर, जिला शाहजहाँपुर में स्थित है।

| S.N. | Name of the Owner | Khasra No. | Total Area (in Hect.) | Share (in Hect.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | M/s Omar Cold Storage Private Limited | 683<br>705<br>703<br>695<br>698 | 0.174<br>0.097<br>0.020<br>0.194<br>0.065 | 0.044<br>0.097<br>0.020<br>0.194<br>0.065 |
| 2. | Mr. Gyan Dev Gupta S/o Mr. Kailash Chandra Gupta (Director M/s Omar Cold Storage Pvt. Ltd.) | 702<br>704 | 0.0160<br>0.2270 | 2/3 share i.e. 0.162 |
| 3. | Mr. Gyan Dev Gupta s/o Mr. Kailash Chandra Gupta | 706 | 3.428 | 0.4050 |
| 4. | M/s Omar Cold Storage Pvt. Ltd. | 706 | 3.428 | 0.243 |
| 5. | Mr. Gyan Dev Gupta S/o Mr. Kailash Chandra Gupta (Director M/s Omar Cold Storage Pvt. Ltd.) | 702<br>704 | 0.0160<br>0.2270 | 1/3 share 0.081 |
| 6. | Mr. Gyan Dev Gupta S/o Mr. Kailash Chandra Gupta R/o 100, Dalelganj Shahjahanpur | 658<br>585<br>586 | 0.409<br>0.048<br>0.198 | 0.409<br>0.048<br>0.198 |

Chief Manager-Bank of Baroda Chowk Branch- 8477009690
Advocate Mr. Rajeev Singh Chauhan Mob.: 9793834379

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मोहम्मद हनीफ ने अपनी मर्जी से शादी कर ली है तथा वह अपनी पत्नी के साथ अलग घर में रहता है। मैंने अपने पुत्र को गलत व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-चल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। हाजरा बी पत्नी रफीक निवासी मोहल्ला हजियापुर थाना बारादरी, जिला बरेली।

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरी माताजी श्रीमती ओमवती पत्नी स्व0 सुखलाल की मृत्यु दिनांक 20.01.2019 को हो चुकी है उनके नाम एक आवासीय प्लाट गांधीपुरम् कॉलोनी जिला बरेली में है इस संपत्ति पर पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से लोन चल रहा था जो पूरा हो चुका है अब इस संपत्ति के कागजात नवनीत कुमार पुत्र स्वर्गीय सुखलाल को पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस कंपनी से छुड़वाने हैं निवासी ग्राम सिमर अकबर गंज पीलीभीत।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

